स्ट्रीट लाइट के नाम ग्राम पंचायत समान में शासकीय राशि की लूट सामग्री क्रय करने निविदा और भंडार क्रय नियम की अनदेखी

बाजारू रेट से अधिक कीमत पर पंचायत में स्ट्रीट लाइट की खरीदी, ग्रामीणों ने की एसडीएम से कार्यवाही की मांग

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायतो मे लूट मची हुई है। कंही निर्माण कार्यों मे मटेरियल के नाम पर धाधली की जा रही तो कंही बिना निविदा कोटेशन के समाग्री क्रय कर भंडार क्रय नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। जिम्मेदार अमला भी अपना कमीशन ले आंख मूद तमाशा देख रहा है।

जनपद पंचायत ब्योहारी के अधिकांश ग्राम पंचायतो मे कुछ तथाकथित ब्यवसायियों द्वारा घूम-घूम कर अपनी दुकानदारी चमकाने और निर्धारित बजारू कीमत से दो गुने अधिक कीमत मे सरपंच एवं सचिवों को 20 प्रतिशत कमीशन दे सप्लाई कर मनमाना बिल लगा भुगतान कराया गया है और सरपंच सचिव द्वारा भुगतान कर 15 वे वित्त सहित अन्य मदो की शासकीय राशि मे सेंध लगाने का कार्य किया गया है।

35 लाख की स्ट्रीट लाइट क्रय में गड़बड़ झाला

ग्राम पंचायत समान मे सरपंच गीता सिंह बैस और सचिव नीतू सिंह द्वारा 35 लाख का स्ट्रीट लाईट लग वाया गया है जिसमे मे बड़ा गड़बड़ झाला किये जाने की चर्चा पंचायत मे हो रही है। सूत्रों कि माने तो सरपंच सचिव द्वारा बगैर निविदा कोटेशन के बाहरी ब्यापारियों से सांठ-गांठ कर सीधा कमीशन लेकर 15 वे वित्त सहित अन्य मदो की राशि का दुरूपयोग कर बाजारू कीमत से दो गुने कीमत पर घटिया किस्म की गुणवत्ताहीन समाग्री सोलर (स्ट्रीट) लाईट लगवाई गयी है। सरपंच सचिव द्वारा कमीशन के चक्कर मे मनमाने दामों पर खरीदी कर शासकीय राशि का बंदर बांट किया गया है। ब्यापारी द्वारा भी पंचायत के नुमाइंदो को मुहमांगी राशि नगद दे सभी कायदे कनून को दर किनार कर निर्धारित रेट से मंहगे दामों का बिल लगाये जाने की चर्चा है। जानकारों की माने तो 15 वां वित्त आयोग के अनुदान पंचायत की जनसंख्या और भौगोलिक क्षेत्र के अनुपात मे दिया जाता है। इस अनुदान की राशि का उपयोग पानी और स्वच्छता के लिए खर्च किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य आरएलबी ग्राम पंचायतों को हर घर, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्र आश्रमशालाओं, पीएचसी, सीएचसी, सामुदायिक केंद्रो बाजारों और खेल के मैदानों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जिम्मेदारी निभाने में सक्षम बनाना है। परंतु पंचायत के नुमाइदे उद्दश्यों से भटक कर कमीशन के फेर में मनमानी कार्य करने में आमादा है।

भंडार क्रय नियम की अनदेखी

क्रय नियम मे स्पष्ट लेख है कि एक लाख से अधिक मूल्य की स्थानीय क्रय की सामग्री हेतु समिति निविदा प्रणाली के आधार पर स्थानीय बाजार से दरें (कम से कम 3 कोटेशन) प्राप्त किये जाएं एवं क्रय समिति की अनुशंसा के आधार पर सक्षम अधिकारी से अनुमोदन उपरान्त न्यूनतम दर पर क्रय कार्यवाही की जाए। आम तौर पर 1 लाख रुपये तक के सामान की खरीदी के लिए स्थानीय क्रय समिति की सिफारिश पर खरीदारी की जा सकती है। स्थानीय क्रय समिति, दर, गुणवत्ता और विनिर्देशों की उचितता का पता लगाने के लिए बाजार का सर्वेक्षण कर वास्तविक मूल्य आंकना चाहिये इसके अलावा, वह उपयुक्त आपूर्तिकर्ता की पहचान भी करना चाहिये किन्तु इन सब की अनदेखी करते हुए नियम विरुद्ध ग्राम पंचायत समान के सरपंच एवं सचिव द्वारा भुगतान किया गया है और जिम्मेदार अमला चुप्पी साधे हुए है जिसके लिये आई. ए. एस. सौम्या आनंद जो ब्योहारी मे एस. डी. एम. के पद पर पदस्थ है उनसे ग्रामीणो द्वारा निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की जा रही है। ग्रामीणो द्वारा कहा जा रहा है कि यदि अनुविभागीय अधिकारी पंचायत मे स्ट्रीट लाईट लगवाये जाने संबंधी दस्तावेज मंगा कर जांच करायी गयी तो पूरी हकीकत सामने आ जायेगी और लाखो रूपये के हुए घोटाले से पर्दा हट सकता है।

निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें समयसीमा में करें कार्य पूर्ण : राजेन्द्र शुक्ल

रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

शहडोल (स्वतंत्रमत)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके। उप मुख्यमंत्री ने सीधी-सिंगरौली फोरलेन मार्ग के शेष भाग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अत: प्रशासनिक अड़चनों को सर्वोच्च प्राथमिकता से दूर किया जाए। यह उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही, उन्होंने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) द्वारा वित्तपोषित रीवा-बेड़ा-सेमरिया मार्ग के शेष लगभग 1 किमी मार्ग (ढेकहा तिराहा से मंडी तक) को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, इसके शीघ्र निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने उमरिया से शहडोल तक 2-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। रीवा बायपास फोरलेन मार्ग परियोजना का 14 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 4 मध्यम पुलों में से 2, 39 बॉक्स कल्वर्ट में से 14 तथा आवश्यक 5 वीयूपी (वर्टिकल अंडर पास) में से 2 का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस का एक्शन: पिकअप वाहन में अवैध रूप से भर कर सवारी ले जाते वाहन को पकड़ा

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)। ब्यौहारी पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर जगह-जगह कैम्प लगाकर यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, तथा लोगों को कैम्प में बैठाकर पोस्टर, फोटो, वीडियो आदि विभिन्न माध्यमों से आम जनमानस को यातायात नियमो का पालन करने हेतु समझाइस देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शहडोल की तरफ से ब्यौहारी की ओर माल वाहक वाहन पिकप क्र. एमपी 48 जी 2407 में करीबन 30 लोग खड़े होकर आते हुए दिखे जो वाहन को शहडोल ब्यौहारी रोड पर मानपुर तिराह के पास रोककर चालक से नाम पता पूंछने पर अपना नाम दुर्गेश बैगा पिता ददुआ बैगा, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम गढपुरी, थाना मानपुर, जिला उमरिया का होना बताया वाहन संबंधी दस्तावेज चाहे जाने पर चालक द्वारा कोई दस्तावेज पेश नही किया गया, जो चालक द्वारा बिना लायसेंस वाहन चलाने एवं परमिट का उल्लंघन करने तथा माल वाहन में सवारी ढोना पाये जाने पर एम. व्ही. एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत दण्डनीय पाये जाने से गवाहों के समक्ष पिकप को जप्त कर कार्यवाही की गई।

वन्य प्राणी प्रबंधन पर कार्यशाला 14 एवं 15 मई को

शहडोल (स्वतंत्रमत)। वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया ने बताया है कि बांधवगढ़ एवं संजय कॉरीडोर में वन्य प्राणी संरक्षण तथा मानव एवं वन्य प्राणी अंतर्द्वंद्व प्रबंधन पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 14 एवं 15 मई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन टाईगर डैन रिसोर्ट ताला में पूर्वान्ह 11 बजे से किया जाएगा। एमपीसीए नई दिल्ली, सफारी जबलपुर, कार्बेट फाउन्डेशन मुंबई तथा एनजीओ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यशाला में शहडोल एवं उमरिया जिले के कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, लाक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा तथा उप संचालक कृषि को भी कार्यशाला में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है।

तेंदूपत्ता प्रबंधकों की बैठक का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

वन संरक्षक वन वृत्तं शहडोल अजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे एवं उप वनमण्डलाधिकारी बादशाह रावत के कुशल मार्गदर्शन मे 08 मई को काष्ठागार नरसरहा शहडोल में समस्त नोडल अधिकारी, समस्त तेन्दुपत्ता प्रबंधको की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये। समस्त नोडल अधिकारी, समस्त तेन्दुपत्ता प्रबंधको को बैठक में दिये गये निर्देश, प्रत्येक प्राथमिक लघुवनोपज समितियों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों अंतर्गत बैठक आयोजन किया जावे एवं तेन्दुपत्ता संग्राहको को उच्च गुणवत्ता के पत्ते संग्रहित करने हेतु प्रचार-प्रसार कर जागरूकता फैलायी जावे।, पढ़ी लिखि महिलाओं पत्तो की गुणवत्ता एवं

गड्डी संख्या की गिनती हेतु नियुक्त किया जावे।

साथ ही महिलाओं के द्वारा प्रचार-प्रसार कराकर तेन्दुपत्तो की चेकिंग करायी जावे।, 09 मई से तेन्दुपत्ता संग्रहण हेतु जागरूतका अभियान चलाया जावे।, तेन्दुपत्ता संहग्रण की निगरानी हेतु एक जाँच दल गठित की जावे।, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को प्राप्त राशि का उपयोग प्रचार-प्रसार करने, गुणवत्ता चेक करने एवं पीने के पानी की व्यवस्था करने हेतु किया जावे।, प्रबंधको को तेन्दुपत्ता मद से संचालित बाह्य स्थलीय रोपण एवं निर्माण कार्य की निगरानी हेतु निर्देश दिये गये तथा बाह्य स्थलीय रोपण के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।, समस्त नोडल अधिकारी एवं परिक्षेत्राधिकारी बाह्य स्थलीय रोपण हेतु नर्सरी का भ्रमण कर पौधा रोपण हेतु पौधे की उपलब्धता सुनिश्चित करें।, इसी प्रकार 09 मई को काष्ठागार नरसरहा शहडोल में समस्त तेन्दुपत्ता क्रेताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये।, सीजन 2025 में वर्तमान में मौसम खराब होने के कारण 14 मई के पूर्व तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ न किये जाने हेतु तेन्दुपत्ता क्रेता प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिया गया।,

तेन्दूपत्ता समितियों अलग अलग दर पर विक्रीत हुयी है। अत: एक समिति क्षेत्र का तेन्दूपत्ता दूसरे समिति के संग्राहको द्वारा तोड़कर न ले जाने दिया जावे। इस हेतु सतत गश्ती, निगरानी रखी जावे। समिति क्षेत्र से लगी समितियो, दूसरे जिला यूनियन (उत्तर शहडोल, अनूपपुर, उमरिया) की समितियों के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर एक साथ तेन्दूपत्ता संग्रहण किये जाने के संबंध में निर्णय लिया जावे।, रात्रि में अधिक देर तक तेन्दूपत्ता गिनती कराये जाने का कार्य न किया जावे। क्यों कि रात्रि में गुणवत्ता विहीन तेन्दूपत्ता को संग्राहको द्वारा फड़ो पर लाकर रख दिया जाता है। अधिकतम सात बजे तक ही तेन्दूपत्ता फड़ो पर गिनती कराया जाकर कार्य पूर्ण करें।, क्रेता प्रतिनिधि द्वारा फड़ो पर गुणवत्ता विहीन तेन्दूपत्ता को सुधार किये जाने हेतु कहे जाने पर दूसरे दिन सुधार कराकर गुणवत्तायुक्त तेन्दूपत्ता का फड़ो पर गिनती कराया जाये। रात्रि में उसकी गिनती न करायी जाये। सर्व सम्मति से समस्त उपस्थित क्रेताओं प्रतिनिधियो द्वारा 15 मई से तेन्दूपत्ता संग्रहण के संबंध में सहमति व्यक्त की गयी।

नर्मदा घाटों का होगा सौंदर्यीकरण : कलेक्टर

नगर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर हुई महत्वपूर्ण बैठक, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) नगर में नर्मदा नदी की स्वच्छता और घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में एक अहम बैठक मां नर्मदा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक में नगर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उन नालों पर गंभीर चिंता जताई गई जो सीधे नर्मदा नदी में जाकर जल प्रदूषण

फैला रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रदूषित नालों की समस्या के समाधान हेतु शीघ्र सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि जल किसी भी स्थिति में नदी में न पहुंचे। बैठक में डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर, पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मॉ नर्मदा समिति के सदस्य एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नदी गहरीकरण और श्मशान घाट होगा सुव्यवस्थित

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नर्मदा नदी में गहरीकरण कार्य किया जाएगा, जिसके लिए विधायक निधि से 11 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस कार्य से निकले मलबे को हटाने की जिम्मेदारी तहसीलदार और नगर परिषद के अधिकारियों को दी गई है। वहीं, श्मशान घाट की व्यवस्था को सुधारने एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर परिषद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर साफ-सफाई बनाए रखने हेतु स्थायी और प्रभावी प्रबंध किए जाएंगे।

श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं होंगी सुदृढ़

परिक्रमावासियों और श्रद्धालु यात्रियों के लिए धर्मशाला, रैन बसेरा आदि की उचित व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नर्मदा घाट और नगर की सफाई एवं सुंदरता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का निरीक्षण

बैठक उपरांत कलेक्टर मारव्या ने नगर परिषद डिंडौरी में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और तकनीकी मानकों की विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना नगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके पूर्ण होने से नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाए रखने में मदद मिलेगी।

आपदा से निपटने के लिए तैयारियां तेज सिविल डिफेंस प्लान अपडेट करने के निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) कलेक्टर मारव्या एवं पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए सिविल डिफेंस प्लान को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए, ताकि आपदा की स्थिति में त्वरित बचाव कार्य किए जा सकें। बैठक में स्वास्थ्य, पेयजल, खाद्य सामग्री और दवाइयों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों और पशुधन के सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरण के लिए स्थान चिन्हित करने को भी कहा गया।

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने जिले में नेटवर्क की समस्या न आने देने हेतु सरकारी और निजी नेटवर्क कंपनियों के साथ बैठक कर समाधान निकालने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन के लिए पुलिस कंट्रोल रूम की स्थापना और उसमें जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के संपर्क नंबर उपलब्ध कराने की बात कही गई।

सायरन की व्यवस्था, अस्पतालों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की अलग टीम, होस्टलों में पुरुषों और महिलाओं के रुकने की व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता तथा फायर टीम के लिए 15ङ्क20 लोगों को प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने किया कॉलोनियों का निरीक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) कलेक्टर मारव्या ने डिंडौरी नगर की विभिन्न कॉलोनियों का निरीक्षण कर वहां की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खनूजा कॉलोनी, राम स्नेही धाम, मृदु किशोर कॉलोनी, राजुल बिलैया नगर सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, नालियों की सफाई और स्वच्छता व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर परिषद के अधिकारी, इंजीनियर तथा अन्य संबंधित स्टाफ भी उपस्थित रहे।

हर्रा टोला के समाजसेवी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व महामंत्री एलआईसी के सीनियर चेयर मैन क्लब मेम्बर राकेश तिवारी का दुख:द निधन

क्षेत्र में शोक की लहर 42 वर्ष की आयु में ब्रेन हैमरेज

शहडोल (स्वतंत्रमत)। जिले के ग्राम हर्रा टोला निवासी राकेश तिवारी का अचानक 5 तारीख को ब्रेन हेमरेज होने से तबियत बिगड़ी जहा उपचार के दौरान हालात में सुधार नही हुआ 8 तारीख की सुबह राकेश तिवारी ने अंतिम सांसे ली। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है विदित हो कि राकेश भाजपा के नेता रहे हैं व्यापार प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री थे और गांव में एक मुखिया के बतौर भूमिका निभा रहे थे और एलआईसी में सीनियर रहे है। उनके निधन पर हजारों लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित कियें हैं।

पारदर्शिता के सिस्टम को सरपंच-सचिव लगा रहे पलीता

फर्जी बिलों से लाखों की हेराफेरी, धुंधली-अमान्य फोटो के आधार पर मनमाना भुगतान : ग्राम पंचायत कनाईसांगवा, जनपद पंचायत डिंडौरी में भारी वित्तीय अनियमितता उजागर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) राज्य सरकार भले ही पंचायत स्तर पर पारदर्शी भुगतान प्रणाली लागू करने के प्रयास कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। जनपद पंचायत डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनाईसांगवा में सरपंच-सचिव की मिलीभगत से 5वें राज्य वित्त और 15वें केंद्रीय वित्त आयोग की राशि का फर्जी बिलों और धुंधले दस्तावेजों के माध्यम से मनमाना भुगतान कर लाखों रुपये की हेराफेरी की गई है।

धुंधले और बिना जीएसटी नंबर वाले बिलों से हुआ भुगतान-ग्राम पंचायत की सरपंच सुलोचना बनवासी और सचिव हृदय सिंह भवेदी पर आरोप है कि उन्होंने स्टेशनेरी, निर्माण कार्य, होटल-ढाबा, किराना सामग्री जैसे मदों में लाखों रुपये का भुगतान ऐसे बिलों के आधार पर किया, जो धुंधले और जीएसटी नंबर रहित थे। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद ?5,000 से अधिक के भुगतान के लिए जीएसटी नंबर अनिवार्य है, जिसे नजरअंदाज किया गया।

ई-ग्राम स्वराज में फर्जी अपलोड, अधिकारियों की चुप्पी-ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए गए दस्तावेजों में कई बिल फर्जी, प्रयोजनविहीन, बिना जीओ टैग के और अमान्य फोटोयुक्त पाए गए हैं। अधिकारियों ने इनकी जांच किए बिना ही करोड़ों रुपये का भुगतान पारित कर दिया, जो कि नियमों की सीधी अवहेलना है।

बिना अनुमोदन स्वीकृति के कराए निर्माण कार्य-सूत्रों के अनुसार कुछ निर्माण कार्य बिना जनपद पंचायत की स्वीकृति के ही

प्रारंभ कर दिए गए, जिनमें सचिव और सरपंच की सीधी भूमिका सामने आई है। इससे न केवल ग्रामसभा की प्रक्रिया को दरकिनार किया गया बल्कि शासन की निधि का भी दुरुपयोग हुआ।

जनपद सदस्य ने उठाई जांच की मांग-वहीं मामले को लेकर जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने ग्रामीणों के शिकायत के अनुसार 22/ 04/2025 को सामान्य सभा की बैठक में अनियमितता को लेकर आपत्ति जताई है, जिस पर जांच का प्रस्ताव भी पास हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में अनियमितता सिद्ध होती है, तो संबंधित व्यक्तियों से राशि की वसूली की कार्रवाई की जाए।

15वें वित्त की राशि में भी जमकर बंदरबांट-पंचायत को प्राप्त 15वें वित्त आयोग की केंद्रीय सहायता का उपयोग भी गाइडलाइन के विपरीत किया गया। स्वच्छता, शिक्षा और अधोसंरचना के लिए निर्धारित 60ङ्क40 अनुपात को दरकिनार कर कार्यों का चयन और भुगतान बिना ग्रामसभा की स्वीकृति के किया गया।

कनाईसांगवा पंचायत में वित्तीय पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाई गई हैं। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस पर कितनी गंभीरता से कार्रवाई करते हैं और ग्राम पंचायत की विश्वसनीयता को कैसे बहाल किया जाएगा।

ब्रीफ न्यूज

जवा सितलहा मुख्य चौराहे में प्रतिदिन कई बार लगता है घंटों जाम

जवा, स्वतंत्रमत। रीवा जिले के जवा तहसील मुख्यालय अंतर्गत जवा थाने से महज 300 मीटर की दूरी जवा सितलहा चौराहे पर जवा पुलिस के निष्क्रियता के चलते प्रतिदिन कई बार घंटो जाम की स्थिति बन जाती है लेकिन जवा पुलिस मूक दर्शक बन कर तमाशा देखती रहती है जाम के बजह से दुर्घटनाये भी होती रहती है इसके साथ ही राहगीरों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसका कई बार समाचार प्रकाशन भी किया जा चुका है लेकिन जाम की स्थिति को लेकर जवा पुलिस गंभीर नही है। जिसका मुख्य कारण रोड के दोनो तरफ दुकानों के सामने समान व वाहन खड़े रहते है जिस कारण बड़े वाहनों को आने जाने में दिक्कत होती है और आये दिन लंबा जाम लग जाता है जिस कारण पैदल चलने वाले लोगो को भी आने जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूत्रों की माने तो चौराहे पर प्रतिदिन कई बार जाम की स्थिति बन जाती है लेकिन जवा पुलिस के द्वारा कभी ध्यान नही दिया जाता है। यदि जाम के समय या चौराहे में पुलिस खड़ी हो जाये तो जाम की स्थिति से निजात मिल सकती है।

चाय में गिरी छिपकली, दो बच्चों की बिगड़ी तबियत

रीवा। चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैपखरा में चाय पीने के बाद दो मासूम बच्चों की तबीयत बिगड़ गई । जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है बताया गया है कि जिस दूध से चाय बनाई गई थी उसमे छिपकली गिर गई थी। घटना के संबंध में अर्चना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने दोनों बच्चों आभा और अमित सिंह को चाय पीने के लिए दी और जैसे ही दोनों बच्चों ने चाय पी तो अचानक उन्हें चक्कर आने लगा। जिससे वह घबराकर दोनों बच्चों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंची है।

बिना अनुमति संचालित राजवाड़ा मैरिज गार्डन सील

रीवा नगर निगम की टीम ने की कार्रवाई, अन्य पर 30-30 हजार का जुर्माना लगाया

रीवा, स्वतंत्रमत

रीवा नगर निगम ने शुक्रवार को बिना अनुमति संचालित राजवाड़ा मैरिज गार्डन को सील कर दिया। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर के विभिन्न मैरिज गार्डनों की जांच की जा रही है। जोन क्रमांक 3 में जोनल अधिकारी राजेश सिंह और एच के त्रिपाठी ने कलश, राजवाड़ा, माँ फूलमती, रॉयल कैसल, लगन, हरिओम, सिन्धु भवन, नारायण, सूर्या और रॉयल पैलेस मैरिज गार्डन का निरीक्षण किया।

नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

इस दौरान राजवाड़ा मैरिज गार्डन को बिना अनुमति संचालन पर सील किया गया। नियमों के उल्लंघन पर 30,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। अन्य मैरिज गार्डनों को तत्काल सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत जोनल अधिकारी राजेश सिंह के नेतृत्व में 8 मई को नए बस स्टैंड की दुकान नंबर 17 से गौतम ट्रेवल्स का वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया गया। खाली कराई गई दुकान को निगम ने तालाबंद कर अपने कब्जे में ले लिया।

अन्य स्थानों से भी हटाया अतिक्रमण

अतिक्रमण दल ने सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर के नीचे ज्ञान स्थली स्कूल के सामने से ठेले हटवाए। साथ ही यूनियन बैंक के सामने पार्किंग एरिया में लगी चेन और बोर्ड को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, अतिक्रमण सहायक सुखेंद्र चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र द्विवेदी और अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

अस्पताल की जगह अपने खाते में भेजे ढाई लाख

रीवा, स्वतंत्रमत। रीवा के अहमिया था क्षेत्र के चिरायु अस्पताल में लाखों की धोखाधड़ी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसने अस्पताल के खाते में आने वाले बीमा के रुपयों को खुद के खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ऋषभ देव पांडेय कंपनियों से बिल की बकाया राशि की वसूली का काम करता था। चिरायु हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने वर्ष 2010 में सिरमौर चौराहा, रीवा में चिरायु हॉस्पिटल की स्थापना की थी। वर्ष 2021 में उन्होंने ऋषभदेव पाण्डेय को लिपिकीय कार्यों के लिए नियुक्त किया। ऋषभदेव का कार्य स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के बिल बनाना और उनसे बकाया राशि की वसूली करना था, जिसे हॉस्पिटल के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में जमा करना था। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि शुरुआत में ऋषभदेव ने निर्धारित खाते में राशि जमा की। लेकिन बाद में उसने धोखाधड़ी करते हुए बीमा कंपनियों को अपना भारतीय स्टेट बैंक, सिटी शाखा, रीवा का खाता नंबर प्रदान किया और चिरायु हॉस्पिटल के विभिन्न बिलों की राशि, लगभग ढाई लाख रुपए, अपने खाते में जमा करा ली। मामले को संज्ञान में लेते हुए अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बड़ी कार्यवाही कर आरोपी ऋषभदेव पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बहुती जलप्रपाल में मिला नर कंकाल और महिला का शव

रीवा। नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बहुती जलप्रपात से गुरुवार को एक नर कंकाल व एक गुमशुदा महिला का शव बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के मुताबिक नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सुमेधा कला निवासी शैलेंद्र पांडे पिता शत्रुघ्न पांडे मंगलवार को सुबह 9.30 बजे घर से निकला था जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला, परिजन युवक की तलाश कर रहे थे इसी बीच बुधवार को बहुती जलप्रपात के ऊपर उसकी चप्पल और एक सुसाइड नोट मिला। जिस पर परिजनों ने आशंका व्यक्त की कि युवक बहुती जलप्रपात में छलांग लगा दिया। जिसके बाद परिजन सहित रेस्क्यू टीम सुबह नीचे उतरे और युवक की तलाश प्रपात के पानी के गहराइयों में करने लगे।

चेक बाउंस मामले में अभियुक्त प्रतिकर के साथ 1 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित

स्वतंत्रमत रीवा। न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आरती सिंह की अदालत ने चेक बाउंस मामले में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त को एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं प्रतिकर की राशि 344346 रुपए के दंड से दंडित किया है। अदालत ने फैसले में यह भी कहा कि प्रतिकर के भुगतान में असफल रहने पर अभियुक्त को तीन माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जावे।

प्रकरण में परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता शिव सिंह ने बताया कि परिवादी राजकुमार सिंह निवासी इंदिरा नगर बरा थाना सामान रीवा से अभियुक्त राजेश कुमार सिंह निवासी शिवम होटल के पीछे मोहल्ला बरा थाना सामान जिला रीवा ने मित्रवत संबंधों के चलते वर्ष सन 2016 में 185000 रुपए कर्ज के रूप में उधार लिया था और उसके बदले कर्ज राशि अदायगी हेतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा नेहरू नगर रीवा का चेक क्रमांक 629293 जारी किया था। इसके बाद समय मुताबिक परिवादी को राशि अदा नहीं किया जिस पर परिवादी ने अभियुक्त के खिलाफ चेक बाउंस का मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया माननीय न्यायालय ने उभय पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है परिवादी की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता शिव सिंह, पुष्पेंद्र सिंह चंदेल और श्रीमती उषा पटेल ने किया।

नेशनल लोक अदालत आज

2025 में वर्ष 2024-25 तक के बकाया अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट

रीवा, स्वतंत्रमत। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में वर्ष 2024-2025 तक के सम्पत्ति कर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के बकाया राशि के मात्र अधिभार (सरचार्ज) पर 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करने के निर्देश दिए गये हैं। सम्पत्तिकर के अधिभार में छूट हेतु लोक अदालत शिविर का आयोजन कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में एवं चारों जोन कार्यालयों में किया गया है तथा जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार (सरचार्ज) में छूट का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा (म.प्र.) में किया गया है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने रीवा शहर के भवनस्वामियों से अनुरोध किया है कि वह अपने भवन/भूमि का सम्पत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार में नेशनल लोक अदालत शिविर में म.प्र. शासन द्वारा दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठावें एवं राशि जमा कराकर नगर विकास में सहभागी बनें।

शातिर बाइक चोर गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश

रीवा, स्वतंत्रमत। शहर की समान थाना पुलिस ने शातिर बाइक चोरों की बड़ी गैंग का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए आरोपी रीवा के साथ ही आसपास के अन्य जिलों से भी बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। समान पुलिस ने तीन संदेहियो को गिर तार कर तीन चोरी की बाइक बरामद की जिसके बाद जब आरोपियों से स ती से पुलिस ने पूछताछ की तो 6 चोरी की अन्य बाइक बरामद हो गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 5.40 लाख रुपए की 9 चोरी की बाइके बरामद की है। बाइक चोरों की गैंग का यह खुलासा नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के नेतृत्व में समान थाना प्रभारी विकाश कपीस ने किया। सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर सभी थाना प्रभारी को बाइक चोरों की धर पकड़ करने के निर्देश दिए थे। बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश की गई, इस दौरान मुखबिर से प्राप्त हुई सूचना के आधार पर समान थाना पुलिस ने ललपा तालाब के पास से तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा, जिनके पास से चोरी की तीन बाईकें बरामद हुई। संदिग्धों से पूछताछ की तो, बाइक चोरी की अन्य वारदातों को भी अंजाम देना बताया, जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने अब तक कुल 9 बाईके बरामद कर ली है।

ये आरोपी गिरफ्तार : पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह में शामिल आरोपी हनुमंत सिंह उर्फ आदर्श पिता चंद्रहास सिंह 21 वर्ष निवासी बेलवा पैकान थाना मनगवां, शिवेंद्र कुमार कोल पिता मोतीलाल कोल 23 वर्ष निवासी सतगढ़ थाना रायपुर कर्चुलियान और समरजीत कोल पिता संतोष कोल 25 वर्ष निवासी बेलवा पैकान थाना मनगांव को गिर तार किया है। बताया गया कि उक्त गैंग का सरगना हनुमंत सिंह उर्फ आदर्श है, जिस पर पूर्व से रीवा के विभिन्न थानों में अपराध दर्ज है और वह गैंग बनाकर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

यूपी से आ रही नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ाई

रीवा। पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन में बड़ी सफलता मिली है। चाकघाट पुलिस ने बोलेरो सवार चार तस्करों के कब्जे से 13 सौ शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है। पुलिस के मुताबिक तस्करों द्वारा यह खेप यूपी के बनारस से रीवा लाई जा रही थी, जिसे अलग अलग जगह पर खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने तस्करों के विरुद्ध चाकघाट थाने में अपराध दर्ज कर कार्यवाही की है। त्योथर एसडीओपी उदित मिश्रा ने बताया कि तस्करों की गैंग को यूपी की सीमा से सटे चाकघाट से गिर तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर चाकघाट के पुराने टोल प्लाजा के समीप घेराबंदी कर एक बोलेरो वाहन को पकड़ा गया है। तलाशी के दौरान बोलेरो वाहन में चार युवक सवार मिले, जिनसे पूछताछ के उपरांत वाहन में ही लोड 13 सौ सीसी नशीली कफ सिरप जप्त की गई है, जिसकी कीमत 2.53 लाख रूपए बताई गई है।

इंटार पहाड़ पंचायत में भूतों को मिल रही पेंशन व खाद्य सामग्री, जीवित व्यक्ति अपने हक के लिए परेशान

जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहें है सवाल

रीवा, स्वतंत्रमत। केंद्र सरकार व प्रदेश की सरकार भले ही शासन की फिजूलखर्ची और अवैध तरीके से हो रही क्षति को रोकने की दिशा मे लगातार प्रयासरत हो जिसके लिए शासन के द्वारा हर महीने केवाईसी करवाई जा रही है परंतु वर्तमान समय की प्रशासनिक लापरवाही व कर्मचारियों की उदासीनता इतनी लचर व कमजोर हो चुकी है कि सरकार की कार्यप्रणाली और व्यवस्था को ही पूरी तरह से हंसिये पर लाकर खड़ा कर दिया है।

ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन स्वयं सरकार को कमजोर करके खुद सरकार पर हावी होना चाहता है इसीलिए तो शासन के लाख प्रयासों के बाद भी व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। और सरकार के खजाने को दिन के उजाले में मृत हो चुके व्यक्तियों के भूत लूट रहें है इससे बड़ी लापरवाही और दुर्भाग्य क्या हो सकता है। अगर प्रदेश के यही हालात रहे और प्रशासन पर लगाम नहीं लगाई गई तो वो दिन दूर नहीं जब मोहन सरकार को अपने ही अफसरों से मात खानी पड़ जाएगी।

जी हां हम ऐसा इसलिए कह रहे है कि वर्तमान समय मे अफसरशाही इतनी हावी हो चुकी है कि इनके आगे सभी नियम कानून और संविधान बौने साबित हो रहें है। प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी कुछ चंद और भ्रष्ट नेताओं के सामने इस तरह से घुटने टेक चुके है कि अब इन्हें अपने दायित्वों और कर्तव्यों का भी ख्याल नहीं रहा और वहीं नेताओं के सामने पूरी तरह नतमस्तक हो गए है। तथा सरकार की छवि के साथ संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए नेताओं के लिए दलाली करते है। और गरीब अपने हक के लिए चक्कर पे चक्कर काटते रहते है। ताजा मामला रीवा जिले की जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत इंटार पहाड़ का है जहा पर पदस्थ सचिव सरोज पाण्डेय की बड़ी लापरवाही सामने आई है जिनके ग्राम पंचायत में मृत्यु के बाद भी मृतक हितग्राहियों के खाते में पेंशन एवं खाद्यान्न सहित अन्य लाभ दिया जा रहा हैं जिससे शासन को बड़ी राजस्व कि छति तो हो ही रही हैं साथ ही कानून की धज्जियां भी उड़ रही हैं।

बरसैता में इसी तरह की लापरवाही पर सचिव हो चुका है निलंबित : बता दे कि इसके पूर्व अप्रैल 2025 में ही जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत बरसैता में मृत महिला बिट्टन द्विवेदी पति रामवली की मृत्यु होने के तीन वर्ष बाद भी उनके खाते में पेंशन जा रही थी जिसकी शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा उनके खाते से 19800 रुपये वसूला गया था तथा इसी लापरवाही के चलते बरसैता पंचायत में पदस्थ सचिव अनिल सिंह परिहार को निलंबित तक होना पड़ा। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की आंख नहीं खुली और लगातार ऐसे मामले सामने आ रहें है। इधर इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सहित रीवा कमिश्नर व जिला पंचायत सीईओ से की गई है ताकि लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके।

स्वतंत्र मत रीवा

निष्पक्ष खबरों एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।

स्वतंत्र मत रीवा

सम्पर्क:- शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक सेकेण्ड फ्लोर रीवा

मोबाइल नं.-9424880111, 07662-325960

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 सूची

स क्र	आवेदन क्रमांक	घटक	हितग्राही का नाम	कटेगरी	हितग्राही के पिता/ पति का नाम	लिंग	उम्र	वार्ड
1	MP034240125119801249	BLC	रामजी कुशवाहा	OBC	जमुना कुशवाहा	पुरुष	41	1
2	MP034240125130239725	BL.C	मनाजू कोल	ST	मथुरा प्रसाद आदिवासी	पुरूष	38	1
3	MP034240125130805823	BLC.	दिलीप कोल	SC	शिवप्रसाद कोल	पुरुष	32	1
4	MP034240125133137738	BLC	बब्लू कोल	ST	सुधा कोल	पुरुष	33	1
5	MP034240125139762388	BL.C	सायर बानो	OBC	नजीर	पुरुष	40	1
6	MP034240125165103767	BLC	शिवनाथ कोल	SC	बैसाखू	पुरुष	52	1
7	MP034240125194332959	BLC	रहीस मोहम्मद	OBC	इदरीस मंसूरी	पुरुष	45	1
8	MP034240125218562985	BLC	लालजी कोल	ST	मथुरा	पुरुष	34	1
9	MP034240225142308967	BLC	वनोद कुमार गुप्ता	General	पुरुषोत्तम दास	पुरुष	53	1
10	MP34240325095102740	BLC	हनुमान	OBC	संपत साहू	पुरुष	56	1
11	MP034240425196669641	BLC	इंद्रभान कोल	ST	प्रभुभान कोल	पुरुष	44	1
12	MP034240125158107946	BLC	दीप माला माझी	OBC	बचाऊ	महिला	45	1
13	MP034240125162165763	BLC	सरोज यादव	OBC	स्वामी दीन यादव	महिला	42	1
14	MP034240125164501398	BLC	खेरुन निशा	General	इलियास खान	महिला	42	1
15	MP034240125170332468	BLC	तलत बानो	OBC	अन्दल अजीज खान	महिला	42	1
16	MP034240125170531133	BLC	सरस्वती रजक	OBC	रोहिणी रजक	महिला	38	1
17	MP034240125182207679	BLC	शोकुल बेगम	OBC	मोहम्मद रहीमुद्दीन मंसूरी	महिला	29	1
18	MP034240125193901773	BLC	हमीदा बेगम	OBC	नुरुल हक	महिला	29	1
19	MP034240425169208906	BLC	रवीसुलनिशा	OBC	मुंशीराजा	महिला	44	1
20	MP034241224193903435	BLC	शैला खान	OBC	जलील खान	महिला	41	1
21	MP034241224121209935	BLC	राजमन	SC	सुख लाला	पुरुष	40	2
22	MP034241224152901823	BLC	राजेश कुमार गुप्ता	General	शारदा प्रसाद गुप्ता	पुरुष	45	2
23	MP034240125160032206	BLC	विद्यावती कुशवाहा	OBC	श्याम लाल कुशवाहा	महिला	36	2
24	MP034240125176503264	BLC	राजेश कुमार बंसल	OBC	जवाहर बंसल	पुरुष	36	3
25	MP034240125182837417	BLC	नीरू साहू	OBC	रामकिशोर साहू	पुरुष	34	3
26	MP034241224171037633	BLC	राजेंद्र बंसल	SC	जवाहर बंसल	पुरुष	39	3
27	MP034240225178834157	BLC	सीता विश्वकमां	OBC	लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा	महिला	50	3
28	MP034240325198633229	BLC	सत्य देव तिवारी	General	नारायण तिवारी	पुरुष	68	4
29	MP034240125176064837	BLC	प्रभा साकेत	SC	लक्ष्मण प्रसाद साकेत	महिला	35	4
30	MP034240325165937168	BLC	विमला	SC	सुखाई साकेत	महिला	57	4
31	MP034240325171001792	BLC	विमला द्विवेदी	General	लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी	महिला	42	4
32	MP031241224204509892	BLC	संतोष कुमार कुशवाहा	OBC	रामगोपाल कुशवाहा	पुरुष	40	7
33	MP034240125124964722	BLC	माया सेन	OBC	शोभनाथ सेन	महिला	48	8
34	MP034240125178502280	BLC	श्रीमति गीता साकेत	SC	परमेश्वर दीन चौधरी	महिला	40	8
35	MP034240125110901378	BLC	पुनिता मिश्रा	General	विश्वनाथ मिश्र	महिला	39	9
36	MP034240125174409676	BLC	आशीष सिंह बघेल	General	रामनारायण सिंह	पुरुष	35	9
37	MP034240125174806066	BLC	रामवरण दहिया	OBC	रामचरण दहिया	पुरुष	41	9
38	MP034240125189806360	BLC	हीरालाल सोनी	OBC	राम कृपाल सोनी	पुरुष	60	9
39	MP034241224123237897	BLC	मनोज कुमार साहू	OBC	महावीर साहू	पुरुष	35	9
40	MP034240125184206717	BLC	पूजा भारती	SC	राजमणि हरिजन	महिला	25	9
41	MP034240125186369419	BLC	रामकली यादव	OBC	कृपाल यादव	महिला	52	9
42	MP034240225163265922	BLC	बुधिया प्रजापति	ST	रामलाल	महिला	82	9
43	MP034240125177669203	BLC	सीमा गर्ग	General	शिव मणि गार्ड	महिला	37	10
4.4	MP031240225139402779	BLC	रवेन्द्र कुमार सेन	OBC	रामप्रकाश सेन	पुरुष	43	10
45	MP034240325167668239	BLC	शीलू मिश्रा	General	राम नारायण मिश्र	महिला	45	11
46	MP034241224152607667	BLC	सुनील कुमार शुक्ला	General	बृज किशोर शुक्ला	पुरुष	55	12
47	MP034240225115969311	BLC	श्रवण कुमार पटेल	OBC	अंगद प्रसाद पटेल	पुरुष	34	13
48	MP034240125158568655	BLC	राजेंद्र	ST	रामविशाल	पुरुष	37	14
49	MP034240225136103058	BLC	सावित्री कोरी	ST	नरवाडा	महिला	49	14
50	MP034240125115008115	BLC	पूजा पटेल	OBC	श्याम लाल पटेल	महिला	39	15
51	MP034240125144163155	BLC	मोनिका त्रिपाठी	General	प्रेम शंकर त्रिपाठी	महिला	27	15
52	MP034240125188338830	BLC	अनिता पांडे	General	अनसुइया प्रसाद पांडे	महिला	41	15
53	MP034240425161168889	BLC	सुनीता देवी बसोर	ST	रोहित बंशाल	महिला	34	15
54	MP034241224135565810	BLC	कमरून निसा	OBC	मो हन्फ़ेफ़	महिला	45	16
55	MP034240125121505569	BLC	सितारा बेगम	OBC	मोहम्मद ताहिर मंसूरी	महिला	38	17
56	MP034240125172639495	BLC	पप्पी वेगम	OBC	मोह सलीन	महिला	39	17
57	MP034240125163435956	BLC	नफीस अंसारी	OBC	अब्दुल अजीज अंसारी	पुरुष	40	17
58	MP034241224123206880	BLC	कौनैन अंसारी	OBC	मैनुद्दीन अंसारी	पुरुष	35	17
59	MP034241224136232855	BLC	मोहम्मद हसनैन अंसारी	OBC	अब्दुल कादिर	पुरुष	32	17
60	MP034240125112268531	BLC	चंदा सोंधिया	OBC	राज कुमार सोंधिया	महिला	46	19
61	MP034240125200306882	BLC	ममता सांधिया	OBC	शोभनाथ	महिला	45	19
62	MP034240125149969197	BLC	नजमा बानां	OBC	मो मुंशी	महिला	45	20
63	MP034240225170205396	BLC	शाहनज	OBC	अब्दुल सत्तार	महिला	43	20
64	MP034240225177201876	BLC	रामकृष्ण ताम्रकार	OBC	श्यामलाल ताम्रकार	पुरुष	73	21
65	MP034241224176534486	BLC	फजलुर्रहमान	General	अब्दुल सलाम	पुत	76	21
66	MP034240125172331984	BLC	कलावती चौधरी	Sc	लक्ष्मण चौधरी	महिला	78	22
67	MP034240125179009308	BLC	पार्वती कुशवाहा	OBC	गणपत	महिला	73	22
68	MP034240125145365225	BLC	लाली चौधरी	Sc	छोटेलाल चौधरी	पुरुष	50	22
69	MP034240125151433439	BLC	सुशील साकेत	Sc	सूरज साकेत	पुरुष	58	22
70	MP034240125156432290	BLC	रमाशंकर साकेन	Sc	सुरेश साकेत	पुरुष	32	22
71	MP034240125161231516	BLC	राम विश्वास कुशवाहा	OBC	रामसेवक	पुरुष	68	22
72	MP034240125170502366	BLC	राजेंद्र कुशवाहा	OBC	कंजलाल कुशवाहा	पुरुष	54	22
73	MP034240125171939269	BLC	मोतीलाल चौधरी	Sc	बाबू लाल चौधरी	पुरुष	36	22
74	MP034241221116405396	BLC	पुष्पराज साकेत	Sc	राजा सांकेत	पुरुष	37	22
75	MP034241224157209597	BLC	देवीदीन चौधरी	Sc	हीरा लाला चौधरी	पुरुष	53	22
76	MP034241224164067459	BLC	अर्जुन चौधरी	Sc	दद्दी चौधरी	पुरुष	73	22
77	MP034241224169404337	BLC	राजेंद्र सोंधिया	OBC	रामफल सोंधिया	पुरुष	51	22
78	MP034240125116531023	BLC	मीरा रावत	ST	बसंत लाल कोल	महिला	43	24
79	MP034240125181468963	BLC	स्वतंत्र कुमार चौधरी	Sc	सुरेश कुमार चौधरी	पुरुष	34	24
80	MP034241224187739452	BLC	मुन्नी	General	बद्री प्रसाद कहार	महिला	50	24
81	MP034241224194965690	BLC	शबीना बेगम	OBC	मुस्तफा	महिला	46	24
82	MP034240125151932291	BLC	पुष्पा साकेत	Sc	रामजीवन साकेत	महिला	55	25
83	MP034240125156101821	BLC	भगवती साकेत	Sc	सामली साकेत	महिला	53	25
84	MP034240125201332040	BLC	शंकरिया बाई	Sc	लल्लू	महिला	57	25
85	MP034240125203704385	BLC	मकवल सिद्दीकी	OBC	मोहम्मद यूनुस	पुरुष	34	26
86	MP034241224146704309	BLC	राजकुमारी साकेत	Sc	डेमन साकेत	महिला	49	26
87	MP034240125124968511	BLC	साधना पांड	General	राज किशोर मिश्रा	महिला	35	27
88	MP034240125152206539	BLC	मुन्नी बाई कोरी	Sc	ठाकुरदीच कोरी	महिला	52	27
89	MP034240125209509506	BLC	माया जयसवाल	OBC	हवलाल जायसवाल	महिला	52	27
90	MP034240325166631756	BLC	दादोल सोनी	OBC	राम प्रकाश सोनी	पुरुष	52	27
91	MP034240125132102224	BLC	ज्योति चिकवा	Sc	ददोली चिकवा	महिला	33	30
92	MP034240125131235785	BLC	चांद बाबू	OBC	मोहम्मद सफीक सिद्दीकी	पुरुष	35	30
93	MP034240125196705712	BLC	परवीन बानो	OBC	रमज़ान खान	महिला	31	31
94	MP034240225163601698	BLC	सफरुन्निशा	OBC	मोहम्मद अजीम	महिला	41	31
95	MP034240125153834012	BLC	वीरेंद्र कुमार साहू	OBC	समयलाल साहू	पुरुष	31	31
96	MP034240125160405850	BLC	सुधा जयसवाल	OBC	बाबूलाल जयसवाल	महिला	49	32
97	MP034240125136839735	BLC	सुषमा सोनी	OBC	रामअवतार सोनी	महिला	40	33
98	MP034240225116539227	BLC	कामता	OBC	दुधा सेन	पुरुष	73	34
99	MP034240125161301752	BLC	रुकसाना	OBC	रुस्तम खान	महिला	38	35
100	MP034240125213307241	BLC	मीनू	OBC	इफाभान खुशवाहा	महिला	42	35
101	MP034240425190067839	BLC	अनुपम कुमार सोनी	OBC	अशोक कुमार सोनी	पुरुष	39	37
102	MP034240125168605595	BLC	निशा पासी	Sc	दद्द पासी	महिला	54	38
103	MP034240125200505067	BLC	गणेश यादव	OBC	छकोड़ी लाल यादव	पुरुष	62	38
104	MP034240125118833593	BLC	पूजा वर्मा	OBC	रामाश्रय वर्मा	महिला	35	39
105	MP034240125127407743	BLC	शमा बेगम	OBC	मो जहर खाम	महिला	41	39
106	MP034240125182408325	BLC	राजिया बेगम	OBC	नजीर खान	महिला	50	39
107	MP034240125128205568	BLC	दुर्गा सोंधिया	OBC	शंकर लाला	महिला	50	40
108	MP034240125137763570	BLC	नसीबुन्निशा	OBC	बशीर	महिला	51	42
109	MP034240125217664264	BLC	नाजिया खान	OBC	गुलाम मो	महिला	39	42
110	MP034240225231566665	BLC	जमील निशा	OBC	जमीदल निशा	महिला	61	42
111	MP034240125205001103	BLC	मंसूर खान	OBC	यासीन अली	पुरुष	41	42
112	MP034241224175407258	BLC	सलमा बेगम	OBC	लल्लू खान	महिला	31	42
113	MP034240325200805487	BLC	संगीता कुशवाह	OBC	रामधर वर्मा	महिला	32	45
114	MP034240225162564775	BLC	रामाश्रय कुशवाहा	OBC	जगतदेव वर्मा	पुरूष	39	45
115	MP034241224177635688	BLC	रवीना खान	OBC	जमील खान	महिला	32	45
116	MP034241224185507607	BLC	श्यामकली साकेत	Sc	गुलाबी साकेत	महिला	59	45
117	MPs034241224121304611	BLC	शैलेन्द्र कुमार	OBC	मंगल दीन	पुरुष	47	45

नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम रीवा

शासकिय भूमि पर कुएं का निर्माण, एसडीएम को शिकायत

कटंगी के अर्जुननाला पाथरवाड़ा रोड़ के वार्ड 3 का मामला

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

कटंगी नगर में अवैध प्लाटिंग व शासकिय भूमि पर कब्जा का खेल जोरों से चल रहा हैं। शासकिय सड़क पर अवैध कुएं का निर्माण को लेकर शिकायतकर्ताओं ने आपत्ति जताते हुए शिकायत नगर पालिका व राजस्व एसडीएम को लिखित में दी हैं। उन्होने कहा कि शासकिय भूमि पर कब्जा कर बगैर अनुमति के अवैध रूप से कुएं का निर्माण किया जा रहा हैं। उक्त शिकायत पर राजस्व विभाग ना ही नगर पालिका कोई संज्ञान में लिया जा रहा हैं, ऐसा प्रतित होता हैं कि कटँगी में राजस्व विभाग ही शासकिय भूमि पर कब्जा करवाने के लिए मार्गदर्शन दे रहा हों। फिलहाल मामला जांच का विषय हैं कि आखिर शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर जांच हो पाती हैं या नहीं?



जानकारी अनुसार, राजेन्द्र देशमुख पाथरवाड़ा कटँगी निवासी ने नगर पालिका व एसडीएम कटंगी को शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि मेरी भूमि से लगकर सरकारी नं. 01/04 अर्जुननाला पहन 26 में शासकिय भूमि सड़क की भूमि में सुरेश/ जैपाल बिसेन वार्ड नं. 03 पाथरवाड़ा मार्ग कटंगी द्वारा अपनी निजी भूमि में कुआं का निर्माण करना चाहिए जो कि सुरेश के द्वारा बगैर अनुमति एवं सीमाकंन किए ही कुआं का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा हैं जो कि शासन के नियमों से खिलवाड़ कर शासकिय भूमि पर निर्माण किया जा रहा हैं। जिसको लेकर राजस्व विभाग से शिकायतकर्ता ने मांग कि हैं कि अतिशीघ्र कार्य को रूवाकर जांच कर कार्यवाही कि जावें।

शिकायत कर्ता राजेन्द्र ने बताया कि शिकायत के बाद राजस्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे लेकिन कुएं के निर्माण कार्य को रोका नहीं गया हैं, भूमि का सीमाकन करने के लिए बोल रहें थे लेकिन अभी रबी धान की फसल खेत में लगी होने के कारण सीमांकन नहीं हो पाया हैं। किन्तु जो कुओं को निर्माण किया जा रहा हैं वह स्थान शासकिय खेत सड़क में दर्ज हैं उसी सड़क के मध्य में कुएं का निर्माण किया जाना मानों खेत सड़क को ही समाप्त करना हैं तो शासकिय सम्पत्ति का दुरूपयोग हैं। हमारी मांग हैं कि उक्त कुओं के निर्माण कार्य को बंद कर सीमांकन किया जावें और उसके पश्चात ही कार्यवाही भी किया जावें।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल आज बालाघाट प्रवास पर रहेंगे

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल शनिवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री श्री पटेल के दौरा कार्यक्रम अनुसार वे शुक्रवार शाम 6ः30 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर से कार द्वारा लखनादौन, सिवनी व लालबर्रा होते हुए रात्रि करीब 10 बजे बालाघाट पहुचेंगे। शनिवार 10 मई को पंचायत मंत्री श्री पटेल सुबह 8 बजे देव नदी के उद्गम स्थल चौरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। यहाँ वे पूजन व भ्रमण कर दोपहर 12 बजे सोन नदी के उद्गम स्थल छिंदीटोला के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर करीब 1ः30 बजे सोन नदी में पूजन व भ्रमण कर मंत्री श्री पटेल तन्नौर नदी के उद्गम स्थल किनारदा के लिए प्रस्थान करेंगे। करीब 3ः15 बजे किनारदा पहुँच कर तन्नौर नदी के उद्गम स्थल पर पूजन व भ्रमण कर मंत्री श्री पटेल बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम 6:20 बजे लालबर्रा, सिवनी, लखनादौन होते हुए नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

मॉयल लिमिटेड ने एसबीआई के साथ कॉर्पोरेट वेतन पैकेज के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। मॉयल लिमिटेड ने अपने स्थायी एवं संविदा कर्मचारियों को वित्तीय लाभ और सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक कॉर्पोरेट वेतन पैकेज लागू करने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता नितिन पी. कजारेकर, महाप्रबंधक (वित्त) एवं नितिन पगनिस, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), मॉयल की ओर से तथा राजीव सावरव, उप महाप्रबंधक (बीएंडओ), एसबीआई, प्रशासनिक कार्यालय, नागपुर की ओर से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मॉयल के कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) प्रशांत करैया एवं चंद्रकांत दहे, सहायक महाप्रबंधक (वित्त) की गरिमामयी उपस्थिति रही। एसबीआई द्वारा प्रस्तुत इस वेतन पैकेज में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (स्थायी/आंशिक विकलांगता कवर सहित), विभिन्न शुल्कों में रियायतें तथा कर्मचारियों की जीवनशैली को बेहतर बनाने वाले विशेष लाभ शामिल हैं। यह पहल मॉयल कर्मचारियों के वित्तीय स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

नगर के धोबी तालाब में श्रमदान कर जल ही जीवन है का दिया संदेश

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन मे तथा जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयास किये जा रहे है। मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन की सक्रिय सहभागिता से जिले के सभी विकासखंडो की विभिन्न जल संरचनाओं मे स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रयास से तथा आम जन की सहभागिता से तालाब गहरीकरण, घाटों की साफ-सफाई, बोरी बँधान जैसे आदि का कार्य किये जा रहे हैँ। शुक्रवार को मप्र जनअभियान परिषद विकासखंड बालाघाट की स्वयंसेवी नवांकुर संस्थाएं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं के द्वारा बालाघाट नगर के धोबी तालाब मे सामूहिक श्रमदान कर तालाब का गहरीकरण तथा साफ-सफाई का कार्य किया। जिसमे विकासखंड समन्वयक बेजन्ति कटरे तथा इनके छात्रों, संस्थाओ तथा परामर्शदाताओ की पूरी टीम के द्वारा तालाब का गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य किया गया।

गांवों में कुएं और पीपल वृक्ष बरकरार रखने की कवायद शुरू

बेलगांव में बाजार चौक के कुएं को रिचार्ज करने का कार्य हुआ प्रारम्भ

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

कुएं का ठंडा पानी और पीपल की छांव हर गांव की पहचान रही है। इस पहचान को बरकरार रखने व सुदृड़ करने के लिए अब ऐसे पुराने और बहुउपयोगी कुओं के रिचार्ज करने का अनोखा कार्य गांवो में प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टर मृणाल मीना ने निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मॉगदर्शन में प्रारंभिक तौर पर हर जनपद पंचायत में ऐसे 2-2 कुओं के लिए रिचार्ज करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। इस कवायद में बालाघाट जनपद के हरदौली पंचायत के तिवड़ीखुर्द में 2 और लांजी की बेलगांव पंचायत के लोडामा गांव के बाजार चौक के कुएं से इसकी शुरुआत हो गई हैं।

गांव के सचिव परते बताते है कि 20 वर्ष पुराना कुआं शक्रवार को गांव में लगने वाले हाट बाजार में जलापूर्ति करता है। साथ ही गांव की 1198 में से आधे नागरिक इसी कुएं के पानी का उपयोग करते है। 35 फीट गहरे इस कुएं में पूरे वर्ष भर इतना पानी रहता है लेकिन जून में पानी का स्तर गिरने लगता है। अब इस कुएं के संवर्धन व जल संरक्षण के लिए रिचार्ज पीठ बनाने का कार्य करीब एक सप्ताह पहले प्रारम्भ किया गया है।

जनवरी में नीचे चला जाता है जलस्तर- जनपद सीईओ ममता कुलस्ते ने बताया कि तिवड़ीखुर्द में 2 कुओं का रिचार्ज पीठ बनाया जा रहा है। यहां फरवरी में शंकरघाट पर मेला लगता है। इस दौरान जनवरी में ही इन कुएं का जलस्तर नीचे चला जाता है। गाँव की जनसंख्या 1871 है, गांव में नल जल योजना संचालित है।

लंबाई-चौड़ाई और गहराई का पीठ हो रहा तैयार-सचिव श्री परते ने बताया कि गांव में पेयजल के अन्य स्त्रोत भी है लेकिन इस कुएं को वर्ष भर उपयोगी बनाने और जल संरक्षण के लिए चुना गया है। कुएं से 5 से 10 फीट दूर 10-10 फीट लंबाई-चौड़ाई और 10 फीट गहरा गद्दा किया गया है। अब इस गड्ढे में 3 फीट तक सबसे पहले बड़े पत्थर, फिर छोटे पत्थर के बाद 3 फीट तक मुरुम व बजरी का उपयोग किया जाएगा। साथ ही 9 फीट पर कुएं को गड्ढे से जोड़ने के लिए एक पाईप रखा गया हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में नई जल संरचनाओं के निर्माण कर साथ ही पुरानी जल संरचनाओ के संवर्धन का कार्य निश्चित तौर पर जल स्तर को बड़ाएगा। इसके साथ ही बारिश से पूर्व वृहद स्तर पर पौधारोपण की तैयारी कर बारिश में पौधारोपण का अभियान भी इसी जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल हैं।

मिशन स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय

सिवनी (स्वतंत्र मत)।-नगर की प्राचीनतम संस्था मिशन स्कूल छपारा का परीक्षा परिणाम सराहिनी रहा कक्षा दसवीं में पहला स्थान कुंवारी अनुष्का इंद्र कुमार भूरिया 95.60 त्न दूसरा कुमारी वेदिका दंगल सिंह वर्मन 89.40त्न तीसरा कुमारी भूमि राजेश कुमार उवेंदी 88.80त्न चोथा संकेत संतोष साहू 87.80त्न पांचवा कुमारी आर्या ललित शर्मा 85.20त्न आर्यन राजकुमार साहू 83.80त्न सातवां कुमारी रितिका सुरेश मालवीय 83.60त्न आठवां अंश्क नाज अफरोज अंसारी 82.40त्न नौवां अंकित आत्माराम चंद्रवंशी 78.80त्न दसवां राजदीप चौहान 75.80त्न 87.60त्न तीसरा आयुष नितिन जैन 82.20त्न कुमारी श्रंद्धा सूर्य नारायण सेन 81.20त्न पांचवा कुमारी शिखा जितेंद्र गणपांडे 76.40त्न कुमारी साक्षी राघवेंद्र पाठक 75.20त्न माधव कुमारी सानिया अंसारी मोहम्मद यूसुफ 75त्न आठवां कुमारी राधा गुरु प्रसाद चंद्रवंशी 73.60त्न नोवा समन बी खालिद मोहम्मद 72.40त्न दक्षा कुमारी शुभि सुधीर चौरसिया 72.20त्न

मिशन स्कूल छपारा परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों व पलकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के धरना प्रदर्शन, रैलियां एवं सभाओं के आयोजन को लेकर प्रति?बंधात?मक आदेश जारी

सिवनी (स्वतंत्र मत) कलेक?टर एवं जिला दण?डाधिकारी सुश्री संस?कृति जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के सार्वजनिक स?थानों पर धरना प्रदर्शन, रैलियां एवं सभाओं के आयोजन को लेकर प्रति?बंधात?मक आदेश जारी किये हैं।

मडवा पंचायत में मंत्री का स्वागत

सिवनी (स्वतंत्र मत) पंचायत एव ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल जी जल संवर्धन अभियान के अन्तर्गत प्रवास एव जन अभियान में ग्राम पंचायत मड़वा जिला सिवनी में आगमन हुआ अभियान में समाज सेवी शोभाराम डेहरिया, सरपंच सुमान धुर्वे, एडवोकेट रघुनाथ डेहरिया , पूर्व सरपंच सहबलाल, महताप सिंह भलावी, प्रहलाद भलावी, मोहन, प्रकाश, शैलेंद्र भलावी, एव ग्रामीणजनों ने माननीय मंत्री जी के अभियान को समर्थन दिया साथ ही ग्राम पंचायत मड़वा में मंत्री जी के आगमन पर आभार व्यक्त किया । साथ में विधायक देनेश राय मुनमुन और जन प्रतिनिधियों ने अभियान में भाग लिया । मंत्री जी ने पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया । स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने जलम भगड़ा में बाँध निर्माण एवं मड़वा से समुद्र राजा देव स्थान तक रोड निर्माण के लिए आवेदन दिया ।

व्यापारी के गोदाम से लाखों का मक्का बीज हुआ चोरी, जांच में जुटी पुलिस

सिवनी (स्वतंत्र मत)

खरीफ की फसल का सीजन शुरू होने से पहले व्यापारियों के द्वारा अपनी गोदाम में खाद और बीज का स्टॉक किया जाने लगा है. वहीं छपारा के खाद बीज के व्यापारी अनिल लाल अग्रवाल की गोदाम से लाखों रुपए की मक्का चोरी की वारदात सामने आई है । जिस मामले को लेकर छपारा पुलिस जांच में जुटी है । अनिल अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार की शाम 7ः00 बजे उनके राष्ट्रीय राजमार्ग 44 स्थित छपारा कला और सादक सिवनी के बीच खेत में मौजूद गोदाम में मक्का का बीज आया था । जिसे शाम को ही ट्रक से खाली गोदाम रखा गया था. शुक्रवार को जब वह सुबह गोदाम पहुंचे तो उनके होश उड़ गए देखा कि गोदाम की सटर टूटी हुई है. और सीसीटीवी कैमरे बिखरे पड़े हुए हैं . गोदाम में रखा लगभग 130 बैग अज्ञात चोरों के द्वारा गोदाम से चोरी कर ले गए. जिसका बाजार मूल्य लगभग 15 लाख रुपए अनुमानित है । शातिर चोरों ने गोदाम के ताले तोड़े बगैर सटर को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. इतना ही नहीं चोरों ने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़कर भी तहस-नहस कर दिया है। इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरे का जो डीवीआर होता है उसे भी चोरी कर ले गए । फिलहाल इस घटना की छपारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है. छपारा पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है. और मामले की जांच में फिलहाल छपारा पुलिस जुटी है. वहीं यह घटना छपारा पुलिस के लिए चुनौती से काम नहीं है. क्योंकि गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे कैमरा को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया है. वही व्यापारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसी मक्का बीज के चोरी किया है बाजार में किसानों को जिसकी सबसे ज्यादा मांग है. फिलहाल देखने वाली बात होगी छपारा पुलिस कब तक इस चोरी का खुलासा कर पाती है

नागरिकों की सुविधा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार किए गए- सदस्य एसएन मिश्रा

कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला-सिवनी

नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला-सिवनी (म.प्र.) 480661

ईमेल आईडी- cmoseoni@mpurban.gov.in फ़ोन-07692221301

पत्र क्रमांक /-667 ./ज. प्र. शाखा/नगर पालिका/2025 सिवनी, 09/05/2025

// अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है म.प्र. शासन के पत्र कंमाक 9177/या.प्र./7-5/2018 भोपाल दिनांक 21/08/2018 के प्रावधानुसार आपदा की स्थिति में पुर्नः स्थापना (रेस्टोरेशन) के कार्यो के अतर्गत नगर में भीषण पेयजल संकट, आपदा की स्थिति होने पर नगर पालिका परिषद सिवनी नगरीय क्षेत्र पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत पानी टेंकर विभिन्न प्रकार के स्टीमेट अनुसार मर मत कार्य कराना चाहती है। इस हेतु इच्छुक पंजीकृत सुधारकर्ता अपनी अपनी अल्पकालीन निविदा दरें निर्धारित अमानत राशि (F.D.R.) के साथ बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 26/05/25 को समय 04:00 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दरें उसी दिनांक 26/05/25 को समय 05:00 बजे सुधारकर्ता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी । निविदा फार्म "F" श्रेणी निर्धारित शुल्क 2000/- रू निकाय कोष में नगद/चेक के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते है ।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा फार्म का मूल्य	अंतिम दिनांक
1	2	3	4	5	6
1	पानी टेंकर फाईटर (1) (2) (3) (4) पानी टेंकर क. (17) (12) (26) (21) ए1 (2-बड्ड नीला) (13) (14) (16) (18) (22) (3) (6) (7) (8) (11) (19) (15) (4) समस्त पानी टेंकर स्पेशिफिकेशन अनुसार मर मत कार्य करना होगा ।	5,65,810/-	5700/-	2000 /- "F" श्रेणी	26.05.2025

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी